## नगर निगम ने तीन ट्रॉली कूलर जब्त किए



रतलाम। राम मंदिर के सामने सुरेश कूलर द्वारा नवनिर्मित फुटपाथ पर कूलर रखकर फुटपाथ का व्यावसायिक उपयोग करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की गई। दुकानदार द्वारा 200 स्क्वेयर फीट से अधिक के फुटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रखकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा दुकानदारों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे अपना व्यवसाय अपनी दुकानों व प्रतिष्ठनों में ही संचालित करना सुनिष्चित करें सामान को सड़को व फुटपाथ पर रखकर अतिक्रमण ना करें अन्यथा की दषा में नगर निगम द्वारा सामान को जब्त किया जाकर बड़ी राषि का जुमार्ना कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सड़के व फुटपाथ नागरिकों के आवागन के लिये होती है ना कि अतिक्रमण व व्यावसायिक उपयोग के लिये। [illegible] 4-4-22

[illegible] समाचार
4-4-22

## गंदगी करने पर 20 हजार जुर्माना

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जनमिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलिथीन पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाइन टीम द्वारा बार को सील किया गया।

बार संचालक द्वारा जुर्माने की राशि रुपए 20 हजार जमा कराने पर खोला जाकर भविष्य में कचरा एवं गंदगी न करने के निर्देश दिये गये अन्यथा बार का लायसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्रेशित किय जायेगा। पद्मश्री बार संचालक को पूर्व में भी कचरा एवं गंदगी ना करने की समझाईष दी गई थी, किन्तु संचालक द्वारा इसकी पुनरावृत्ति निरंतर किये जाने पर बार को सील करने व जुर्माना करने की कार्रवाई की गई। [illegible] 4-4-22

[illegible] समाचार
4-4-22

सफाई नहीं, सेटिंग वाला स्वच्छ सर्वेक्षण • नाम का रह गया गुपचुप सर्वेक्षण

# सर्वे टीम के साथ घूमते रहे निगमकर्मी, हर लोकेशन की मिलती रही जानकारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

क्या आपको पता है कि शहर की सफाई की परीक्षा यानी स्वच्छ सर्वेक्षण हो चुका है, लेकिन यह सरकार की मंशा के विपरीत गुपचुप नहीं बल्कि पूरी तरह सेटिंग से हुआ। दो दिन यानी शनिवार और रविवार को हुए सर्वे में बाहर से आई सर्वेक्षण टीम और नगर निगम के बीच सामंजस्य का आलम यह था कि सर्वे टीम के साथ बाकायदा निगमकर्मियों की ड्यूटी तक लगा दी गई।

इनमें, स्वच्छता निरीक्षक से लगाकर सिटी इंजीनियर तक शामिल रहे। इसका फायदा यह हुआ कि टीम को लोकेशन भले ही दिल्ली से मिली, परंतु निगमकर्मी संबंधित इलाके के नेताओं और जनसंपर्क रखने वाले रसूखदारों से सहयोग मांगकर सबकुछ अच्छा दिखाने का प्रयास करने से नहीं चूके। सर्वेक्षण होने की हालांकि निगम के किसी अफसर ने पुष्टि नहीं की है। पड़ताल करने पर कुछ निगमकर्मी इसे प्री-सर्वे तो कुछ आईईसी टीम का सर्वे करार देकर छुपाने का प्रयास करते रहे।

## रविवार को 22 वार्ड में हुई सफाई की परीक्षा



वार्ड 21 की स्लम बस्ती में सर्वे कर रही टीम के साथ मौजूद स्वास्थ्य अमले के अफसर।

**टीम ने किस लोकेशन पर क्या देखा :** जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड, धभाईजी का वास स्लम बस्ती, भारत माता गार्डन (वार्ड 7), अतिथि पैलेस, हीरा पैलेस, धानमंडी, गणेश देवरी, चमारिका नाका वाला नाला, करमदी रोड की वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ओझा खाली स्लम एरिया, वार्ड 17 का कम्यूनिटी टॉयलेट व स्लम एरिया, मालीकुआं व सेठजी का बाजार का टायलेट।

बताया जा रहा है कि रविवार को लगभग 22 वार्ड में सर्वे यानी सफाई की परीक्षा हुई। स्वच्छ सर्वेक्षण करने आई टीम में आठ सदस्य थे। दो-दो सदस्यों की चार टीमें बनाई गईं। इनके साथ दो से तीन निगमकर्मी भी रहे। पहली टीम में आदेश, पुष्पेंद्र के साथ जोन प्रभारी किरण चौहान व एक इंजीनियर, दूसरी टीम में दीपक व सुभाष के साथ उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेंद्र दोगाया और दो इंजीनियर, तीसरी टीम में करण, विक्रम और विकास के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, इंजीनियर बृजेश, चौथी टीम में इंजमाम और यूनुस के साथ निगमकर्मी विजयसिंह और दो इंजीनियर रहे। शनिवार को भी लगभग इतने ही वार्ड में सर्वे हुआ था।

### रविवार को इन वार्डों में हुआ सर्वे

24, 25, 26, 40, 48, 41, 9, 21, 45, 49, 3, 6, 10, 22, 23, 32, 36, 37, 34, 7, 46, 47

**निगम को पहले से पता था आने वाली है टीम**

बीते साल स्वच्छ सर्वेक्षण इतना गुप्त तरीके से हुआ कि निगम अमले को भी पता नहीं चल पाया था। इसके उलट इस बार दो दिन पहले ही सर्वे होने की जानकारी मिल गई थी। खास बात यह कि नगरीय प्रशासन आयुक्त निकुंज श्रीवास्तव ने कुछ दिन पहले नगर निगम अफसरों की वीडियो कॉन्फ्रेंस लेकर अलर्ट कर दिया था। वहीं निगम के आला अफसर ने खुद पहली अप्रैल को हुई स्वच्छता गायन स्पर्धा में इसकी घोषणा कर दी थी।

भास्कर 4-4-22

# 20 कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम के अफसरों की सख्ती का सफाई कर्मचारियों पर कोई असर नहीं हो रहा है। तमाम कार्रवाई, आदेश और निर्देशों को दरकिनार करते हुए शनिवार और रविवार को 20 कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का वेतन काटने की कार्रवाई की है। उद्यान विभाग के 5 माली पर भी सात दिन का वेतन काटने की कार्रवाई हुई है।


रविवार को राधेश्याम भंवर, अनिल सुंदरलाल, जगदीश बद्रीलाल, नातीबाई भंवर, लोकेंद्र धीरज कर्तव्य स्थल पर नहीं पहुंचे थे। इसी प्रकार कचरा कलेक्शन वाहनों के 4 ड्राइवर भी रविवार को बिना बताए ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इनमें दर्शन खरे, रूपेश चावरे, राजेश जायसवाल, वसीम खान शामिल हैं। सभी का सात दिन का वेतन कटेगा। वहीं पर्यवेक्षकों की चेकिंग में रविवार को 8 सफाई मित्र (कर्मचारी) सफाई व्यवस्था से नदारद पाए गए। इन्होंने न तो अवकाश लिया था, न ही संबंधित अफसर को सूचना दी थी। सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश निकाल दिए गए हैं। इनमें अजय विनोद, बादल दिलीप, विजय फूलचंद, राकेश रतनलाल, सुनील शंकरलाल, मनोहर मदनलाल, अशोक अर्जुन, शांतिबाई सुरेश शामिल हैं। सभी को बर्खास्त करने का नोटिस भी भेजा जा रहा है। इसी प्रकार शनिवार रात व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में 3 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने तीनों का सात दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। संदीप संजय, संतोष प्रभुलाल, राकेश समरथ शामिल हैं।

भास्कर 4-4-22

# गुलाब चक्कर में मनाया गया आर्ट संडे

रतलाम | रतलाम हेरिटेज के तहत रविवार को गुलाब चक्कर परिसर में आर्ट संडे मनाया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों ने कला का प्रदर्शन किया। जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद के कार्यक्रम में कलाकारों ने गुलाब चक्कर, महलवाड़ा, पुराने कलेक्ट्रेट परिसर तथा अन्य ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को कैनवास पर उकेरा। जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, प्रतीक दलाल, विनीता तांतेड, जरदोजी कलाकार सरदार छतरसिंह उपस्थित रहे।

भास्कर 4-4-22



# सुरेश कूलर के 3 ट्रैक्टर ट्रॉली भरकर कूलर जब्त

4-4-22

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

राम मंदिर के सामने सुरेष कूलर द्वारा नवनिर्मित फुटपाथ पर कूलर रखकर फुटपाथ का व्यावसायिक उपयोग करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निदेर्शानुसार नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए 3 टेक्टर ट्रॉली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की गई। दुकानदार द्वारा 200 स्क्वेयर फीट से अधिक के फुटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रखकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा दुकानदारों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे अपना व्यवसाय अपनी दुकानों व प्रतिष्ठनों में ही संचालित करना सुनिश्चित करें सामान को सड़को व फुटपाथ पर रखकर अतिक्रमण ना करें अन्यथा की दषा में नगर निगम द्वारा सामान को जब्त किया जाकर बड़ी राषि का जुमार्ना कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सड़के व फुटपाथ नागरिकों के आवागन के लिये होती है ना कि अतिक्रमण व व्यावसायिक उपयोग के लिये।

## गंदगी करने पर पद्मश्री बार पर 20 हजार का जुर्माना

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जनमिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलीथीन पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन टीम द्वारा बार को सील किया गया बार संचालक द्वारा जुमार्ने की राषि रुपए 20 हजार जमा कराने पर खोला जाकर भविश्य में कचरा एवं गंदगी ना करने के निर्देष दिये गये अन्यथा बार का लायसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्रेशित किय जायेगा।

पद्मश्री बार संचालक को पूर्व में भी कचरा एवं गंदगी ना करने की समझाईष दी गई थी किन्तु संचालक द्वारा इसकी पुनरावृत्ति निरंतर किये जाने पर बार को सील करने व जुर्माना करने की कार्यवाही की गई।

दबंग इंडिया

4-4-22

PRO 4-4-22

## सुरेश कूलर के 3 ट्रेक्टर ट्रॉली भरकर कूलर जब्त



रतलाम। राम मंदिर के सामने सुरेश कूलर द्वारा नवनिर्मित फुटपाथ पर कूलर रखकर फुटपाथ का व्यावसायिक उपयोग करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए 3 ट्रेक्टर ट्रॉली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की गई। दुकानदार द्वारा 200 स्क्वेयर फिट से अधिक के फुटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रखकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा दुकानदारों व व्यावसायिक प्रतिश्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे अपना व्यवसाय अपनी दुकानों व प्रतिश्ठानों में ही संचालित करना सुनिश्चित करें सामान को सड़को व फुटपाथ पर रखकर अतिक्रमण ना करें अन्यथा कार्रवाई होगी।

राज एक्सप्रेस
4.4.22

PRO 4-4-22

## ग्रीष्णकाल में पेयजल समस्या निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। खण्ड कार्यालय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रात: 8 से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। जिले के विभिन्न स्थानों पर समस्या निराकरण के लिए निम्न अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है, सा. यंत्री प्रियांशा दुबे 8770520245, तह. आलोट में उपयंत्री के.एन.कुमावत 9424047340, ताल में उपयंत्री बी.एल.बिन्दोरिया 9424884525, जावरा में उपयंत्री एस. इरफान अली 9425937171, पिपलौदा में उपयंत्री विजय कुमार शर्मा 9981530705, तहसील रतलाम में सा. यंत्री एस.आर.मेड़ा 8435644081, पर संपर्क करें।

राजधानी एक्सप्रेस
4-4-22

# काम से नदारद, एक सप्ताह का वेतन काटा, आयुक्त हुए सख्त

पत्रिका
सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान अंतर्गत अब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सख्त हो गए है। इसके लिए औचक भ्रमण कर नदारत रहने वाले कर्मचारियों का वेतन काटा जा रहा है।

शहर व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त झारिया ने शनिवार को निरीक्षण किया। 3 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का 7-7 दिषस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देष संबंधित को

इसी तरह निगम आयुक्तझारिया ने उद्यान विभाग के 5 माली जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये गए तब संबंधितों का 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## चार चालक का वेतन काटा

4-4-22

नगर निगम के 4 ड्रायवर जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से नदारत मिले तब संबंधितों का 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया है। वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में सुबह 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। जिसके बाद 8 सफाई मित्र का आधे दिन का वेतन काटा गया है।

पत्रिका
4-4-22

# लापरवाही पर वॉर्ड प्रभारी को हटाया

रतलाम, नप्र। सफाई व्यवस्था निरीक्षण दौरान वार्ड 28 की सड़कों के अलावा अन्य जगह पर गंदगी पसरी पाई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने सफाई काम में घोर लापरवाही बरतने पर वार्ड प्रभारी राजेन्द्र चौसर को हटाकर अब्दुल वहाब को वार्ड प्रभारी बनाया। प्रभातकिरण।
3-4-22

प्रभातकिरण
3-4-22

# जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक आज

4-4-22 — नवभारत

रतलाम। नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 की प्रक्रिया के संचालन तथा प्रारुप मतदाता सूची, जांच एवं डुप्लीकेट सूची के सम्बन्ध में दावे, आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने हेतु जिला स्तरीय स्टैण्डिग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 4 अप्रैल 2022 को साय 5 बजे नवीन कलेक्टोरेट भवन के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

नवभारत
4-4-22

## रतलाम हेरीटेज के तहत आर्ट संडे आयोजित हुआ



रतलाम। हेरिटेज के तहत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में स्थानीय गुलाब चक्कर परिसर में आर्ट संडे आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों ने शामिल होकर अपनी कला प्रदर्शित की। जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक, रतलाम हेरिटेज से जुड़े श्री प्रतीक दलाल, सुश्री विनीता तांतेड, जरदोजी कलाकार सरदार छतरसिंह आदि उपस्थित रहे। आयोजन में रतलाम के पुरातात्विक महत्व के महल तथा अन्य इमारतों को कलाकारों ने अपने कैनवास पर उकेरा। छोटे-छोटे बच्चों ने कागज पर पेंसिल के द्वारा चित्र बनाकर अपनी कल्पना शक्ति का परिचय दिया। आयोजन के उद्देश्य के अनुरूप बच्चों, वृद्ध महिला-पुरुषों ने गुलाब चक्कर, रतलाम पैलेस, पुराने कलेक्ट्रेट परिसर तथा अन्य ऐतिहासिक महत्व की इमारतों के चित्र विभिन्न रंगों तथा पेंसिल के जरिए बनाकर रतलाम हेरिटेज का महत्व प्रतिपादित किया।

## ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

इन्दौर समाचार

रतलाम। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। खण्ड कार्यालय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रात: 8.00 से रात्रि 8.00 बजे तक कार्य करेगा। जिले के विभिन्न स्थानों पर समस्या निराकरण के लिए निम्न अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है, सहायक यंत्री सुश्री प्रियांशा दुबे 8770520245, तहसील आलोट में उपयंत्री के.एन. कुमावत 9424047340, ताल में उपयंत्री बी.एल. बिन्दोरिया 9424884525, जावरा में उपयंत्री श्री एस. इरफान अली 9425937171, पिपलौदा में उपयंत्री विजय कुमार शर्मा 9981530705, तहसील रतलाम में सहायक यंत्री एस.आर. मेडा 8435644081, उपयंत्री अर्पित चत्तर 9340166238, उपयंत्री एम.के. पण्डित 7089008815, तहसील सैलाना, बाजना तथा रावटी में सहायक यंत्री नरेश कुवाल 9993899938, उपयंत्री सैलाना एन.के. जोशी 9424824905, उपयंत्री वी.के. पाठक 9511741376, उपयंत्री एस.आई. अली 9993380969 कार्य सम्पादित करेंगे। श्रेय शुक्ला सहायक वर्ग तीन 7879177714 भी नियंत्रण कक्ष में कार्य करेंगे।

## गदंगी करने व अमानक पॉलीथीन उपयोग करने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

4-4-22

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 3 अप्रैल रविवार को 7 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दिनेशचन्द्र पर 4000, विनोद, विकास, दीपक, गौरव व प्रमोद पर 500-500 तथा मनोज पर 200 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

## जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक 4 अप्रैल को

रतलाम। नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 की प्रक्रिया के संचालन तथा प्रारुप मतदाता सूची, जांच एवं डुप्लीकेट सूची के सम्बन्ध में दावे, आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराए जाने हेतु जिला स्तरीय स्टैण्डिग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 4 अप्रैल 2022 को सायं 5.00 बजे नवीन कलेक्टोरेट भवन के सभाकक्ष में आहूत की गई है। इं. समाचार 4-4

इन्दौर समाचार

4-4-22

# रतलाम हेरीटेज के तहत मना आर्ट संडे



रतलाम. रतलाम हेरिटेज के तहत स्थानीय गुलाब चक्कर परिसर में आर्ट संडे का आयोजन हुआ। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में आयोजित इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लेकर अपनी कला प्रदर्शित की।जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रतलाम के पुरातात्विक महत्व के महल तथा अन्य इमारतों को कलाकारों ने कैनवास पर उकेरा।

छोटे-छोटे बच्चों ने कागज पर पेंसिल के द्वारा चित्र बनाकर अपनी कल्पना शक्ति का परिचय दिया। आयोजन के उद्देश्य के अनुरूप बच्चों, वृद्ध, महिला-पुरुषों ने गुलाब चक्कर, रतलाम पैलेस, पुराने कलेक्ट्रेट परिसर तथा अन्य ऐतिहासिक महत्व की इमारतों के चित्र विभिन्न रंगों तथा पेंसिल के जरिए बनाकर रतलाम हेरिटेज का महत्व सार्थक किया। आयोजन के दौरान जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, प्रतीक दलाल, विनीता तांतेड, जरदोजी कलाकार, सरदार छतरसिंह आदि उपस्थित है।

पत्रिका
4-4-22

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिये 384 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित

रतलाम 4-4-22

रतलाम। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत बीएलसी घटक परियोजनाओं में स्वीकृत आवासों के लिये कुल 384 करोड़ 38 लाख 13 हजार रूपये विभिन्न किश्तों के रूप में आवंटित किये गये हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि आवंटित राशि का सदुपयोग कर आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाये। अपर आयुक्त-सह-मिशन संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास डॉ. सतेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि एक लाख 26 हजार 59 आवासों के लिये पहली किश्त के रूप में 156 करोड़ 55 लाख 67 हजार रूपये, एक लाख 47 हजार 292 आवासों के लिये दूसरी किश्त के रूप में 70 करोड 97 लाख 21 हजार रूपये और तीसरी किश्त के रूप में एक लाख 17 हजार 750 आवासों के लिये 156 करोड़ 85 लाख 25 हजार रुपये की राशि जारी की गई है। आवासों का निर्माण प्रदेश की विभिन्न नगरीय निकायों में किया जा रहा है।

स्वतंत्र रतलाम
4-4-22

# 8 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

## दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पुरे दिन का वेतन, बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। जिसके तहत प्रातः 8 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा। रविवार को वार्डो में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में अजय-विनोद, बादल-दिलीप, विजय-फुलचन्द, राकेश-रतनलाल, सुनील-शंकरलाल, मनोहर-मदनलाल, अशोक-अर्जुन व शांतिबाई पति सुरेश इस तरह 8 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

# रात्रिकालिन सफाई के 3 कर्मचारियों का 7 दिन का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 2 अप्रैल शनिवार को निरीक्षण किये जाने पर 3 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का 7-7 दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबधित को दिये। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान संदीप-संजय संतोष-प्रभुलाल व राकेश-समरथ द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# उद्यान विभाग के अनुपस्थित 5 मालियों का 7-7 दिन का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उद्यान विभाग के 5 माली जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधितों का 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। 3 अप्रैल रविवार को उद्यान विभाग के माली राधेश्याम-भंवर, अनिल-सुन्दरलाल, जगदीश-बद्रीलाल, नातीबाई-भंवर व लोकेन्द्र-धीरज द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# बिना सूचना के अनुपस्थित 4 ड्रायवरों का 7-7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 4 ड्रायवर जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधितों का 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। रविवार को कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर दर्शन खरे, रुपेश चावरे, राजेश जायसवाल व वसीम खान द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 7-7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

इन्दौर समाचार 4-4-22

इन्दौर समाचार
4-4-22

# 8 सफाई मित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।** कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चैक किया गया, जिसके तहत प्रातः 8 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते है व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जाएगा। रविवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में अजय-विनोद, बादल-दिलीप, विजय-फूलचन्द, राकेश-रतनलाल, सुनील-शंकरलाल, मनोहर-मदनलाल, अशोक-अर्जुन व शांतिबाई पति सुरेश इस तरह 8 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

4-4-22

4.4-22

# गोठ में केवल एक थाली जूठन

**रतलाम, नप्र।** माहेश्वरी समाज की नववर्ष पर जानकी मंडप बड़बड़ परिसर में गोठ हुई, जिसमें समाज बंधुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

लगातार प्रयास से समाज जागृति का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जिसमें केवल एक थाली जूठन निकला। ज्ञात हो कि कोरोना महामारी से बचने के लिए जरूरी टीकाकरण में भी माहेश्वरी समाज ने सबसे पहले पूरे समाज को टीकाकरण करवा कर बेहत्तर उदाहरण दिया था। सामाजिक समरसता मे भी एक और उदाहरण सभी रसोई बनाने वाल, साफ-सफाई करने वाले बंधुओं को सम्मान पूर्वक बिठाकर समाज पर प्रमुख सदस्य ने भोजन कराया। इसी के साथ प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सफआई व्यवस्था, प्लास्टिक मुक्त भोजन व्यवस्था का विशेष ख्याल रखा गया। उक्त जानकारी समाज के गोविन्द काकानी ने देते हुए समाजजनों का आभार माना। प्रभात किरण

3-4-22

प्रभात किरण।
3-4-22

## आज होगी जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 4 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी। इसमें खासतौर पर नगरीय निकायों, पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया के संचालन के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रारूप मतदाता सूची, जांच और डुप्लीकेट सूची के संबंध में दावे, आपत्ति कैसे मंगाई जाएगी, यह बताया जाएगा। अध्यक्षता कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम करेंगे।

# गोठ में स्टील के बर्तन लिए फिर भी निगम ने डिस्पोजेबल सामग्री के उपयोग का लगाया जुर्माना

### जैन समाज में आक्रोश, आज प्रतिनिधि मंडल मिलेगा नगर निगम आयुक्त से

भास्कर संवाददाता | रतलाम 4-4-22

शहर में नगर निगम की मनमानी कार्रवाई जारी है। मनमानी का ताजा मामला जैन समाज की गोठ में देखने को मिला। शनिवार को अंबेडकर ग्राउंड में पंचान ओसवाल बड़े साथ समाज की गोठ हुई। इसमें समाजजन को स्टील की थाली, कटोरी में परोसगारी की। लेकिन नगर निगम की टीम को ये दिखाई नहीं दिया और उन्होंने समाज द्वारा गोठ में डिस्पोजेबल आयटमों का उपयोग माना और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। इससे जैन समाजजन में आक्रोश है।

समाज का कहना है कि जब गोठ में सफाई का पूरा ध्यान रखा गया। गोठ में किसी भी प्रकार से डिस्पोजेबल आयटम का उपयोग नहीं किया तो फिर क्यों जुर्माना लगाया। ये निगम की मनमानी है।

### ये गलत है, हम विरोध करते हैं

महेंद्र गादिया ने बताया गोठ में साफ-सफाई का ध्यान रखा। स्टील की थाली, कटोरी में भोजन कराया। डिस्पोजेबल का उपयोग नहीं किया। इसके बाद भी नगर निगम ने जुर्माना लगा दिया। आयुक्त से प्रतिनिधि मंडल मिलेगा।

**डिस्पोजेबल की दुकान 25 दिनों से बंद :** नगर निगम भले ही मनमानीपूर्वक जुर्माना लगा रहा है लेकिन हकीकत तो यह है कि शहर में 25 दिन से डिस्पोजेबल आयटमों की दुकानें बंद हैं। स्वच्छता में नंबर वन मुकाम हासिल करने के लिए ये दुकानें नगर निगम ने ही बंद करवाई हैं। ऐसे में बाजार में डिस्पोजेबल आयटम का उपयोग ही नहीं हो रहा है। तो फिर नगर निगम क्यों जुर्माना लगा रहा है।

भास्कर
4-4-22

## रतलाम हेरीटेज के तहत आर्ट संडे आयोजित हुआ

रतलाम। हेरिटेज के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में स्थानीय गुलाब चक्कर परिसर में आर्ट संडे आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों ने शामिल होकर अपनी कला प्रदर्शित की। जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, रतलाम हेरिटेज से जुड़े प्रतीक दलाल, सुश्री विनीता तांतेड, जरदोजी कलाकार सरदार छतरसिंह आदि उपस्थित रहे। आयोजन में रतलाम के पुरातात्विक महत्व के महल तथा अन्य इमारतों को कलाकारों ने अपने कैनवास पर उकेरा। छोटे-छोटे बच्चों ने कागज पर पेंसिल के द्वारा चित्र बनाकर अपनी कल्पना शक्ति का परिचय दिया। आयोजन के उद्देश्य के अनुरूप बच्चों, वृद्ध महिला-पुरुषों ने गुलाब चक्कर, रतलाम पैलेस, पुराने कलेक्ट्रेट परिसर तथा अन्य ऐतिहासिक महत्व की इमारतों के चित्र विभिन्न रंगों तथा पेंसिल के जरिए बनाकर रतलाम हेरिटेज का महत्व प्रतिपादित किया। 4-4-22

दबंग दुनिया

4-4-22

मूर्ति से लेकर फिसलपट्टी टूट गई, कचरा जला रहे

# देश के लिए जो लड़े उनके नाम का बगीचा दुर्दशा का शिकार

पत्रिका
शहर
रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 4-4-22
patrika.com



**रतलाम.** देश की आजादी के लिए जिन नाथुलाल मालवीय ने कड़ा संघर्ष किया, जेल गए, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बने, उनके नाम का बगीचा ही दुर्दशा का शिकार होकर रह गया है। गौशाला रोड पर बने इस बगीचे में मूर्ति से लेकर फिसलपट्टी टूट गई है।

पिछले दस साल से इस बगीचे में यह प्रतिमा टूटी हुई है। बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाई गई इस प्रतिमा को किसी नशा करने वाले ने तोड़ दिया था। तब से अब तक इसको सुधार के लिए प्रयास नहीं हुए।

## काम की नहीं यह

इस बगीच में एक फिसलपट्टी क्षेत्रीय बच्चों के लिए है। लेकिन अब यह किसी काम की नहीं रह गई है। देखरेख के अभाव में इस फिसलपट्टी का अब उपयोग ही नहीं हो रहा है। इसको सुधार के लिए लिखे गए पत्र नगर निगम अधिकारियों की रद्दी की टोकरी में पड़े हुए है।

## कचरा जला रहे है

इस बगीच में कर्मचारी कचरा उठाने के बजाए जलाकर जा रहे है। बाद में जला हुआ कचरा आसपास के क्षेत्र को गंदा कर रहा है। इस बारे में क्षेत्रीय नागरिकों ने कई बार निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को कहा, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है।

पिता ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नाम पर बगीचा बनाया तो सम्मान और बढ़ गया था। अब हालात से लग रहा है, मैरे पिता के नाम को लज्जीत नगर निगम कर रही है। बेहतर है, बगीचे से पिता के नाम को हटा दिया जाए।
**- शांतिलाल मालवीय,**
समाजसेवी, गौशाला रोड





## सुधार कार्य किया जाएगा

शहर के कुछ बगीचों का चयन सुधार के लिए किया जाना है। उन चयनीत बगीचों में इस बगीचे को शामिल किया जाकर सुधार किया जाएगा। **- विकास सोलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

पत्रिका / 4-4-22

# शहर में सफाई के सर्वे के लिए पहुंची केंद्रीय टीम

4-4-22

**स्वच्छता** ● निगम अधिकारियों को नहीं दी जानकारी, सार्वजनिक स्थानों, मोहल्लों में जाकर परखेंगे इंतजाम

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में स्वच्छ सर्वे 2022 के लिए नगर निगम की परीक्षा शुरू हो गई है। सर्वे के लिए केंद्रीय टीम ने दस्तक दे दी है, लेकिन नगर निगम को इसकी सूचना नहीं दी है। सर्वे गुपचुप ढंग से सीधे दिल्ली से मिलने वाली लोकेशन के आधार पर किया जाएगा। वार्डों में भी टीम स्वच्छता का स्तर परखेगी।

सर्वे में केंद्रीय टीम को मोबाइल और टैब पर दिल्ली से सार्वजनिक सुविधाघर, उद्यान, प्रमुख बाजार, बस स्टैंड, सड़कों पर सफाई, कर्मचारियों की वर्दी, संसाधन आदि को लेकर सीधे लोकेशन मिल रही है। सफाई, सेग्रीगेशन, किचन वेस्ट से कम्पोस्ट और सार्वजनिक शौचालय उपयोग लायक है या नहीं, इसकी भी जानकारी बाजार में ली जा रही है। सर्वे के बाद ओडीएफ की टीम अलग से आएगी। नगर निगम द्वारा स्टार रैंकिंग के लिए दिए गए दस्तावेजों का भी भौतिक परीक्षण किया जाएगा।



स्वच्छता अभियान के तहत लोकेंद्र भवन सिटी फोरलेन पर साफ-सफाई कर पौधे रोपे गए। ● नईदुनिया

**इस तरह काम करती है टीम**

सर्वेक्षण में टीम जैसा देखती है वैसा ही डाटा आनलाइन दर्ज किया जाता है। सदस्य को कहां जाना है, इसके लिए दिल्ली से निर्देश के बाद वहां जाकर लोकेशन की फोटो भी आनलाइन अपलोड करना होती है।

**7500 अंकों की प्रतियोगिता**

इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 7500 अंकों का है। जिसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस 3000 अंक जबकि सिटीजन वायस एवं सर्टिफिकेशन के 2250-2250 नंबर हैं। सिटीजन वायस में स्वच्छता एंथम, वाइस आफ सीनियर सिटीजन, आपातकाल मैनेजमेंट जैसे नई श्रेणी व सर्विस लेवल में डिजिटल ट्रेकिंग और सफाई मित्र सुरक्षा को शामिल किया गया है।

**पहली बार सभी वार्डों में पहुंचेगी टीम :** सर्वेक्षण के दायरे में सैंपल के करने के लिए 100 प्रतिशत वार्डों को शामिल किया गया है, जबकि पिछले वर्षों में केवल 40 प्रतिशत वार्ड ही शामिल किए गए थे। सर्वे में आम नागरिक भी अपने शहर के डेटा को नियमित रूप से भर रहे हैं।

**अंतिम दौर में कलेक्टर ने निगम अमले का बढ़ाया हौसला**

निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार क वाट्सएप पर संदेश जारी कर निगम अमले का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने संदेश दिया कि निगम के अधिकारी-कर्मचारी व सफाई मित्रों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। पूरी ताकत से कामकर शहर को नंबर वन बनाएं। यह साबित करें कि आप किसी से कम नहीं। अग्रिम शुभकामनाएं।

**उद्यानों में साज सजावट, लोकेंद्र भवन मार्ग पर लगाई मेटिंग**

सफाई की तस्वीर को बेहतर करने के लिए नगर निगम रात में सड़कों की धुलाई करवा रहा है तो बगीचों में भी सुंदरता बढ़ाने के साथ ही अन्य इंतजाम किए जा रहे हैं। निगम स्वामित्व के सभी उद्यानों में मालियों को गंदगी न होने व आमजन के लिए बैठक आदि इंतजामों को अपडेट रखने के लिए कहा गया है। लोकेंद्र भवन मार्ग पर फूड पार्क के लिए प्रस्तावित स्थल के पास भी निगम ने मेटिंग लगाकर पौधे लगा दिए हैं। यहां मुरम डालकर समलतीकरण भी किया गया है। रविवार को रात में भी काम चलता रहा।

नई दुनिया

4.4.22

निगम के कर्मचारी ही ले रहे स्वच्छता की शपथ

# स्वच्छता की दो तस्वीर...गंदगी-नाले को ढंका, घर पर जागरूकता

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 4-4-22
patrika.com



**रतलाम.** शहर में स्वच्छता अभियान 2022 में खेल हो रहा है। रविवार को इस अभियान में दल आने की सूचना थी, ऐसे में ताबड़तोड़ नगर निगम के करीब बहने वाले गंदे नाले को पर्दे से ढंककर गंदगी को छिपाया गया। इतना ही नहीं, शहर को अभियान से जोड़ने के बजाए निगम के ही कर्मचारियों से स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है।

शहर में स्वच्छता अभियान के नाम पर नगर निगम ने कई नवाचार किए हैं। इन नवाचार में सफलता नहीं मिली तो अब अभियान में नंबर लाने के लिए नगर निगम अपनी कमी को दूर करने के बजाए उसको छिपाने का काम कर रहा है। शहर के नगर निगम से पैलेस रोड पर जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा गंदा नाला है। इस नाले में सफाई पूरे वर्ष नहीं हुई। ऐसे में गंदगी नाले में जमा हो गई है। बजाए इसको समय रहते साफ करवाने ने निगम के स्वास्थ्य विभाग ने नाला दल को नजर नहीं आए, इसलिए हरा पर्दा लगाकर ढंक दिया। बड़ी बात यह है कि इस प्रकार का काम शहर में दो बत्ती से मित्रनिवास रोड जाने वाले मार्ग पर कचरा को छिपाने के लिए भी किया गया।

## यहां पर दिलवाई जा रही शपथ



निगम प्रतिदिन रांगोली बनवाने का कार्य ठेके पर करवा रहा है। इस काम में आमजन को शामिल करने के बजाए अपने ही कर्मचारियों से शपथ करवाई जा रही है। दावा यह किया जा रहा है कि इससे शहर सुंदर नजर आ रहा है, जबकि हकीकत यह है कि कई क्षेत्र में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने के चलते आमजन रोड पर कचरा डाल रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा स्वच्छता अभियान को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को 109 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर भेजा गया है। इसक लिए वाहनों ने 245 बार ट्रीप लगाई है।

पत्रिका 4-4-22

## सफाई कार्य में घोर लापरवाही बरतने पर राजेन्द्र गौसर को वार्ड प्रभारी के पद से हटाया

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 28 की सड़को व अन्य स्थानों पर गंदगी पाये जाने व सफाई कार्य में घोर लापरवाही बरतने पर राजेन्द्र गौसर को वार्ड प्रभारी के पद से हटाकर अब्दुल वहाब को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया।

## गंदगी करने पर पद्मश्री बार पर 20 हजार का जुर्माना

4-4-22

**रतलाम।** सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जनमिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलीथीन पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन टीम द्वारा बार को सील किया गया बार संचालक द्वारा जुर्माने की राशि रूपये 20 हजार जमा कराने पर खोला जाकर भविष्य में कचरा एवं गंदगी ना करने के निर्देश दिये गये अन्यथा बार का लायसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्रेषित किय जायेगा। पद्मश्री बार संचालक को पूर्व में भी कचरा एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई थी किन्तु संचालक द्वारा इसकी पुनरावृति निरंतर किये जाने पर बार को सील करने व जुर्माना करने की कार्यवाही की गई।

राजएक्सप्रेस
4-4-22

प्रभात किरण 3-4-22




# फुटपॉथ पर बेच रहे थे सामान

रतलाम, नप्र। गर्मी आते ही शहर में पंखों और कूलर की दुकानों लग गईं। राम मंदिर के सामने सुरेश कूलर पर हाल ही में बनाए गए फुटपाथ पर कूलर रखकर बेचे जा रहे थे।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर नगर निगम की कब्जा हटाओ टीम मौके पर पहुंची और फुटपाथ का उपयोग कूलर रखने पर कार्रवाई कर तीन ट्रेक्टर ट्राली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की। दुकानदार ने दो सौ स्कवेयर फीट से अधिक के फूटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रख रखी थी। नगर निगम ने दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों का सामान दुकानों में रखना ही तय करें। सामान . को सड़क और फुटपाथ पर रखकर कब्जा ना करें। वरना नगर निगम सामान जब्त कर बड़ी राशि का जुर्माना कर वैधानिक कार्यवाही करेगा।

## तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर कूलर जब्त

प्रभात किरण
3-4-22

## गंदगी करने पर पद्मश्री बार पर 20 हजार का जुर्माना

रतलाम ● सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सज्जनमिल रोड स्थित पद्मश्री बार के सामने कचरा, गंदगी व अमानक पॉलीथीन पाए जाने पर निगम स्पॉट फाइन टीम द्वारा बार को सील किया गया । बार संचालक द्वारा जुर्माने की राशि रुपए 20 हजार जमा कराने पर सील खोली गई। पद्मश्री बार संचालक को पूर्व में भी कचरा एवं गंदगी ना करने की समझाइश दी गई थी किन्तु संचालक द्वारा इसकी पुनरावृत्ति निरंतर किए जाने पर बार को सील करने व जुर्माना करने की कार्रवाई की गई।

स्वदेश 4-4-22

## 3 ट्रैक्टर ट्रॉली भरकर कूलर जब्त



रतलाम ● नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्रवाई करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर कूलर व अन्य सामग्री जब्त की गई। दुकानदार द्वारा 200 स्क्वेयर फीट से अधिक के फुटपाथ पर कूलर व अन्य सामग्री रखकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि राममंदिर क्षेत्र में सुरेश कूलर वाले के यहां यह कार्रवाई की गई।

स्वदेश 4.4.22

# आर्ट संडे में प्रतिभाओं ने प्रदर्शित की कला

## रतलाम हेरिटेज के तहत स्थानीय गुलाब चक्कर परिसर में आयोजन



पुराने कलेक्टोरेट परिसर मे आयोजित आर्ट संडे मे भाग लेने वाले प्रतिभागी। ●नईदुनिया

4-4-22

**रतलाम।** रतलाम हेरिटेज के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में स्थानीय गुलाब चक्कर परिसर में आर्ट संडे आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों ने शामिल होकर अपनी कला प्रदर्शित की। जिला पुरातत्व व पर्यटन परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, रतलाम हेरिटेज से जुड़े प्रतीक दलाल, विनीता तांतेड़, जरदोजी कलाकार सरदार छतरसिंह आदि उपस्थित रहे। आयोजन में रतलाम के पुरातात्विक महत्व के महल तथा अन्य इमारतों को कलाकारों ने अपने कैनवास पर उकेरा। बच्चों ने कागज पर पेंसिल के द्वारा चित्र बनाकर अपनी कल्पना शक्ति का परिचय दिया। आयोजन के उद्देश्य के अनुरूप बच्चों, वृद्ध महिला-पुरुषों ने गुलाब चक्कर, रतलाम पैलेस, पुराने कलेक्टोरेट परिसर तथा अन्य ऐतिहासिक महत्व की इमारतों के चित्र विभिन्न रंगों तथा पेंसिल के जरिए बनाकर रतलाम हेरिटेज का महत्व प्रतिपादित किया।

## सात लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दिनेशचंद्र से 4000 रुपये, विनोद, विकास, दीपक, गौरव, प्रमोद से 500-500 रुपये तथा मनोज से 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि द्वारा की गई।

नईदुनिया
4-4-22

नईदुनिया
4-4-22